Regarding need for setting up of more BSNL Towers to improve network connectivity

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) : माननीय सभापति महोदय, मैं चन्दौली लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ। मेरा लोक सभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर स्थित है। यहाँ बीएसएनएल के कमजोर नेटवर्क के कारण बॉर्डर की निगरानी नहीं हो पाती है। यहाँ से मादक पदार्थों की तस्करी, गो तस्करी, नक्सल के प्रभाव से लोगों को दिक्कतें आदि तमाम ऐसी परेशानियाँ होती हैं, जो देश के हित में नहीं है। ये सब स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से होती है।

मैं आपके माध्यम से, सरकार से मांग करता हूँ कि बीएसएनएल के कमजोर नेटवर्क को ठीक करने के लिए कदम उठाए जाएं। कर्मनाशा नदी बिहार और उत्तर प्रदेश को बांटती है, इसके किनारे-किनारे बीएसएनएल के टॉवर्स लगाए जाएं क्योंकि हमारा आधा क्षेत्र पहाड़ी है और आधा क्षेत्र नदी के किनारे पड़ता है। वहाँ पर इस तरह की गतिविधियाँ हमेशा होती रहती हैं और अधिकारीगण उन्हें रोकने में नाकामयाब हैं।

इसलिए मैं मांग करता करता हूँ कि वहाँ पर बीएसएनएल के नेटवर्क को ठीक करने के लिए टॉवर्स लगाए जाएं और उनका संरक्षण कराया जाए एवं वहाँ पर भ्रष्टाचार को रोकने की कोई-न-कोई व्यवस्था करायी जाए ताकि राजस्व की हानि से बचा जा सके।